EKAL ABHIYAN
A PEOPLE'S MOVEMENT

# एकल संदेश

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad

त्रैमासिक
31 वां संस्करण

## भारत लोक शिक्षा परिषद्

Registered Under IICA
ISO 9001:2015 (QMS)

जनवरी – मार्च, 2026




## BLSP पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा "हमारे राम" कार्यक्रम का भव्य आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद – पूर्वी दिल्ली चैप्टर द्वारा शनिवार, 24 जनवरी 2026 को कमानी ऑडिटोरियम, मंडी हाउस, नई दिल्ली में प्रसिद्ध अभिनेता श्री आशुतोष राणा भारद्वाज जी की गरिमामयी प्रस्तुति "हमारे राम" का भव्य सांस्कृतिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन शिक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प को समर्पित रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 700 लोगों ने बड़ी उत्साह के साथ भाग लिया।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुशील चंद्रा जी (Former Chief Election Commissioner Of India) ने एकल अभियान के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि "एकल अभियान शिक्षित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में अत्यंत सराहनीय और प्रभावी कार्य कर रहा है। ग्रामीण एवं आदिवासी बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का यह प्रयास वास्तव में राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है।"

प्रसिद्ध अभिनेता श्री आशुतोष राणा जी ने रावण के प्रभावशाली चरित्र का मंचन कर अपने विलक्षण अभिनय से उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में भारत लोक शिक्षा परिषद् के गणमान्य ट्रस्टी, शीर्ष पदाधिकारी, कार्यकर्ता बंधु, राष्ट्रीय कार्यकारिणी, विभिन्न चैप्टर्स, महिला विभाग, युवा विभाग के पदाधिकारी तथा समाज के अनेक प्रतिष्ठित महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## सैनिक सम्मान : वीरों के सम्मान में एकल का वंदन

77वें गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2026) के अवसर पर BLSP कानपुर चैप्टर द्वारा मऊ नखत गाँव में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्रीमती सरिता प्रह्लादका जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सैनिकों एवं उनके परिवारजनों का हृदय से स्वागत किया और उनके समर्पण व बलिदान को नमन किया। इस अवसर पर 7 सैनिकों को एकल पटका एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों, आचार्यों एवं एकल कार्यकर्ताओं सहित लगभग 150 लोग शामिल हुए।
यह आयोजन केवल सम्मान नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा में समर्पित वीरों के प्रति कृतज्ञता का सशक्त प्रतीक बना।




## कानपुर एकल महिला विभाग : आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम

17 फरवरी 2026 को कानपुर एकल महिला विभाग द्वारा संच-मैथा के ग्राम-संभरपुर में सिलाई सेंटर का शुभारंभ किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती नीता दत्ता जी ने किया। यह केंद्र ग्रामीण बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। इस सेंटर में दो सिलाई मशीनें प्रदान की गईं, जिनमें एक मशीन श्रीमती अनुभा गुप्ता जी द्वारा प्रदान की गई। प्रत्येक बैच में 20 महिलाओं को चार माह तक प्रशिक्षण देकर उन्हें डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा। यह सेंटर जन शिक्षण संस्थान के सहयोग से संचालित होगा।






महिला विभाग की प्रधान डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी ने सभी को प्रशिक्षण अन्य प्रकार की जानकारी दी और मुख्य अतिथि श्रीमती अनुभा गुप्ता जी ने सभी को शुभकामनाएं दी।
एकल अभियान के इस प्रयास से न केवल कौशल विकास को बल मिल रहा है, बल्कि गाँव की बहनों के जीवन में आत्मविश्वास और स्वावलंबन की नई किरण भी जागृत हो रही है।

## एकल पिंक हेल्थ रन : उत्साह और ऊर्जा का संगम



29 मार्च 2026 को दैनिक जागरण आई नेक्स्ट के सहयोग से ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर में एकल पिंक हेल्थ रन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संस्थाओं, एकल कानपुर चैप्टर की बहनों एवं आचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें एकल के बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर एकल का मान बढ़ाया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी एवं दैनिक जागरण टीम द्वारा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया गया। कानपुर महिला विभाग द्वारा यह प्रथम एकल रन प्रतियोगिता उत्साह और प्रेरणा के साथ पूर्ण हुई।

# BLSP दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा 'श्रीमद् रामायणम्' कार्यक्रम का आयोजन

भारत लोक शिक्षा परिषद, दक्षिणी दिल्ली चैप्टर द्वारा 11 जनवरी 2026 को NDMC कन्वेंशन सेंटर, दिल्ली में शिक्षित, स्वस्थ एवं समृद्ध भारत के निर्माण के लिए श्री विनीत कुमार गुप्ता (ट्रस्टी एवं ट्रस्टी प्रभारी एकल अभियान), श्री बासुदेव गर्ग (चेयरमैन) श्री जगमंदर गुप्ता (प्रधान), श्री अशोक अग्रवाल (महामंत्री), महिला विभाग एवं दक्षिणी दिल्ली चैप्टर टीम के नेतृत्व में श्रीमद् रामायणम् कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 250 लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में एकल विद्यालय के लिए समर्पित भाव से सहयोग करने वाले समाज के प्रतिष्ठित महाशतकवीर, शतकवीर एवं अन्य सहयोगियों को सम्मानित किया गया। गणमान्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया जो एकल विद्यालय के प्रति समर्पण का भाव रखते हैं।



कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री अनिल वैद्य जी (Syndicate Developers) ने परिवार सहित अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

एकल सुर ताल टीम द्वारा भारतीय संस्कृति, धर्म, कला एवं संस्कारों की जीवंत प्रस्तुति दी गयी, जिसमें श्रीमद् रामायणम नृत्य-नाटिका ने दर्शकों को रामकथा के आदर्शों, मर्यादा, त्याग और राष्ट्रभाव से भाव-विभोर कर दिया। धर्म एवं संस्कृति से जुड़ा कार्यक्रम प्रस्तुत कर समाज में एक सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया गया।



श्री विनीत कुमार गुप्ता जी ने अपने संबोधन में एकल अभियान के उद्देश्य, उसकी राष्ट्रनिर्माण में भूमिका तथा दूरस्थ, जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार और स्वावलंबन के माध्यम से किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना से जुड़ी श्रीमद् रामायणम्–नृत्य नाटिका को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और रामकथा के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बताया।






इस कार्यक्रम में श्री सुभाष अग्रवाल जी (ट्रस्टी), श्री विनीत कुमार गुप्ता (ट्रस्टी), श्री सुरेन्द्र कुमार जिंदल जी (ट्रस्टी), श्री संजीव गोयल जी (ट्रस्टी), श्री सुरेन्द्र पाल गुप्ता जी (ट्रस्टी), श्री नीरज रायजादा जी (राष्ट्रीय चेयरमैन), श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री), श्री सुनील गुप्ता जी (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री), श्री विजय गुप्ता जी (राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष), दक्षिणी दिल्ली चैप्टर के पदाधिकारी श्री बासुदेव गर्ग (चेयरमैन), श्री जगमंदर गुप्ता (प्रधान), श्री अशोक अग्रवाल (महामंत्री), साउथ दिल्ली चैप्टर टीम, महिला विभाग, राष्ट्रीय महिला विभाग एवं अन्य महानुभावों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से भेंट एवं राष्ट्रपति भवन भ्रमण



**22 जनवरी 2026, गुरूवार को महिला विभाग, उत्तरी दिल्ली चैप्टर, भारत लोक शिक्षा परिषद् की टीम ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से भेंट की एवं राष्ट्रपति भवन का भ्रमण किया | इस कार्यक्रम में लगभग 14 महिलाओं ने सहभागिता की।**

इस अवसर पर प्रधान, महिला विभाग उत्तरी दिल्ली चैप्टर, श्रीमती साधना गुप्ता जी ने राष्ट्रपति महोदया को एकल द्वारा देश के ग्रामीण, वनवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार एवं स्वावलंबन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण, बाल शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े अभियानों पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष, महिला विभाग उत्तरी दिल्ली चैप्टर, श्रीमती बिंदु मित्तल जी ने क्राउडफंडिंग के विषय में जानकारी साझा की |

संरक्षक राष्ट्रीय महिला विभाग, भारत लोक शिक्षा परिषद् की श्रीमती दर्शना गोयल जी ने संस्था के पाँचों आयामों की जानकारी दी तथा यह भी बताया कि एकल अभियान ट्रस्ट को वर्ष 2017 के लिए "गाँधी शांति पुरस्कार" दिनांक 26 फरवरी 2019 को पूर्व महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के करकमलों से प्रदान किया गया था।





महामहिम राष्ट्रपति महोदया श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने परिषद् की राष्ट्रनिर्माण में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुए विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण कल्याण हेतु और अधिक संगठित व सशक्त प्रयास किए जाने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें शिक्षा, सहयोग एवं प्रोत्साहन के समुचित अवसर प्राप्त हो सकें और वे समाज की मुख्यधारा से आत्मसम्मान के साथ जुड़ सकें और उनके चेहरे पर भी मुस्कान हो।

# एकल भवन में मनाया गया गणतंत्र दिवस का पावन पर्व



26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस के इस पावन एवं गौरवपूर्ण अवसर पर एकल भवन, पीतमपुरा (दिल्ली) में बड़े ही उत्साह और देशभक्ति के भाव के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान की गूंज ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।इस अवसर पर एकल नर्सरी विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत अत्यंत मनमोहक, रंगारंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

बच्चों की सुंदर प्रस्तुतियों, तिरंगे के प्रति उनका प्रेम एवं उनकी मासूम अभिव्यक्तियों ने कार्यक्रम को विशेष रूप से भावनात्मक और प्रेरणादायी बना दिया। उनके उत्साह और आत्मविश्वास ने यह संदेश दिया कि राष्ट्र का भविष्य सशक्त एवं संस्कारित हाथों में है। बच्चों एवं उपस्थित बंधुओं द्वारा एफ डी ब्लाक पीतमपुरा में तिरंगा यात्रा निकाल कर एकता का सन्देश दिया गया |

यह आयोजन राष्ट्रप्रेम, संस्कार, एकता एवं सामाजिक समरसता के भाव को सुदृढ़ करने वाला रहा तथा सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।



# लेडीज़ सर्कल इंडिया द्वारा एकल नर्सरी स्कूल के बच्चों को कंप्यूटर सहयोग

10 फरवरी 2026 को एकल भवन में एक अत्यंत प्रेरणादायी एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें "लेडीज़ सर्कल इंडिया" संगठन द्वारा एकल नर्सरी स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए 2 कंप्यूटर का सहयोग प्रदान किया गया। यह सहयोग बच्चों की शिक्षा को और अधिक आधुनिक एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती शिशम साबरवाल जी (नेशनल प्रेसिडेंट, लेडीज़ सर्कल इंडिया) सहित संगठन की पूरी टीम ने एकल के बच्चों से आत्मीय संवाद किया।





बच्चों की सरलता, उत्साह एवं सीखने की ललक को देखकर वे अत्यंत प्रसन्न हुईं। साथ ही, एकल द्वारा किए जा रहे राष्ट्रनिर्माण एवं शिक्षा विस्तार के कार्यों को देखकर वे गहराई से प्रेरित भी हुईं।

यह कार्यक्रम श्री अखिल कुमार गुप्ता जी (राष्ट्रीय प्रधान, BLSP), श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री, BLSP), श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी (राष्ट्रीय उपप्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग) एवं श्रीमती ईशा जैन जी (सीईओ, एकल भारत) के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# उत्तरी दिल्ली चैप्टर, महिला विभाग द्वारा पुलवामा शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम

BLSP, उत्तरी दिल्ली चैप्टर, महिला विभाग द्वारा एकल भवन, पीतमपुरा, दिल्ली में 14 फरवरी 2026 को पुलवामा अटैक में बलिदान हुए वीर जवानों की स्मृति में "पुलवामा शहीदों को नमन" कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों ने अमर शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। एकल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को राष्ट्रप्रेम से सराबोर कर दिया, जिसे देख सभी की आंखें नम हो गईं।









इस गरिमामयी अवसर पर USA से पधारे एकल के सम्मानित दानदाता बंधुओं द्वारा एकल भवन के तृतीय तल (3rd Floor) का उद्घाटन भी किया गया, जो संगठन के सेवा कार्यों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।अंत में, BLSP टीम एवं समस्त एकल परिवार की ओर से ईश्वर से प्रार्थना की गई कि वे अमर वीरों की पुण्य आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा हम सभी को राष्ट्रसेवा, समर्पण और त्याग के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने की शक्ति प्रदान करें।

# एकल भवन परिवार का होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन।

एकल परिवार की विभिन्न संस्थाओं (भारत लोक शिक्षा परिषद्, एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन, एकल श्रीहरि वनवासी रक्षा फाउंडेशन एवं एकल भारत मीडिया फाउंडेशन) के कार्यकर्ताओं/ऑफिस स्टाफ के साथ होली मंगल मिलन भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय उपप्रधान, श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी के सहयोग से एकल भवन, पीतमपुरा दिल्ली में 25 फ़रवरी 2026 को आयोजित गया, जिसमें लगभग 100 लोगों ने भाग लिया।






ऑफिस स्टाफ ने कई खेल भी खेले, अपने अनुभव साझा किये और इनाम भी जीते, श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी ने सभी को स्नेहिल उपहार देकर सभी स्टाफ का दिल जीत लिया।

कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र आढिया (इंटरनेशनल माइंड पावर और मोटिवेशनल ट्रेनर, लाइफ कोच) और सुश्री मुस्कान रघुवंशी (मोटिवेशनल स्पीकर) ने सभी को मोटिवेट भी किया।

कार्यक्रम में सभी ने फूलों की होली खेली और भोजन प्रसाद का आनंद लिया।

# BLSP पश्चिमी दिल्ली चैप्टर द्वारा एकल कार्निवाल का भव्य आयोजन




भारत लोक शिक्षा परिषद् के पश्चिमी दिल्ली चैप्टर द्वारा 1 मार्च 2026 को बाबा नत्था सिंह वाटिका, वेस्ट पंजाबी बाग में "एकल कार्निवाल" का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 250 लोगों ने भाग लिया और लगभग 130 एकल विद्यालयों के सहयोग का आश्वासन भी प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में दानदाता, समाजसेवियों, शिक्षाविदों एवं बच्चों ने बड़ी जोश और उत्साह के भाग लिया।





प्रसिद्ध कलाकार पंडित हरिवंश जी की टीम द्वारा प्रस्तुत होली के गीत, नृत्य एवं रंगारंग कार्यक्रमों ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। होली के पावन अवसर की झलक भी कार्यक्रम में स्पष्ट दिखाई दी, जहाँ रंग, उमंग और भारतीय परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला।

यह एकल कार्निवाल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं था, बल्कि समाज को शिक्षा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करने का सशक्त मंच भी बना। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयास से ही हम एक शिक्षित, स्वावलंबी और सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं।

कार्यक्रम में ट्रस्टी श्री ओम प्रकाश सिंघल जी, श्री नरेश जैन जी, श्री सुभाष सी अग्रवाल जी, मैनेजिंग कमेटी से राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी, राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय गुप्ता जी, राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय चेयरपर्सन श्रीमती सोनल रासीवासिया जी, राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी, राष्ट्रीय कार्यकारी प्रधान श्रीमती अनु गुप्ता जी , राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती प्रवेशलता अग्रवाल जी, पश्चिमी दिल्ली चैप्टर के संरक्षक श्री राजेश गुप्ता जी , श्री संजीव टेकडीवाल जी , चेयरमैन श्री गोविंद मुंद्रा जी , वाईस चेयरमैन श्री प्रमोद गुप्ता जी, प्रधान श्री किशन कुमार अग्रवाल जी, कार्यकारी प्रधान श्री टीकम सर्राफ जी, महामंत्री श्री राजेश कानोड़िया जी, कोषाध्यक्ष श्री बजरंग भारद्वाज जी सहित केंद्र एवं चैप्टर से कई लोग शामिल हुए।



# उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा "द्रौपदी" सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




भारत लोक शिक्षा परिषद् के उत्तरी दिल्ली चैप्टर द्वारा दिनांक 15 मार्च 2026 को टैक्निया ऑडिटोरियम, रोहिणी, दिल्ली में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम "द्रौपदी" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक गणमान्य लोगों ने भाग लिया, जिसने पूरे वातावरण को सांस्कृतिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।



इस अवसर पर प्रसिद्ध कलाकार, चित्रकार, कवयित्री एवं अदाकारा श्रीमती अंजना चांडक जी ने अपने सशक्त और भावपूर्ण अभिनय के माध्यम से द्रौपदी के चरित्र को अत्यंत प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। उनके ओजस्वी संवाद, सजीव भाव-भंगिमाएँ और प्रभावपूर्ण अभिव्यक्ति ने नारी शक्ति, आत्मसम्मान, धर्म और साहस के संदेश को अत्यंत प्रभावी ढंग से दर्शकों तक पहुँचाया।

उनकी प्रस्तुति ने महाभारत के उस प्रसंग को जीवंत कर दिया, जिसमें द्रौपदी केवल एक पात्र नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़ी होने वाली नारी शक्ति का प्रतीक बनकर उभरती है। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया और पूरे सभागार में गहन सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव हुआ।





इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में एकल विद्यालयों के कार्यों के प्रति जागरूकता एवं सहयोग की भावना और अधिक सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम से प्रेरित होकर उपस्थित अतिथियों ने एकल अभियान के कार्यों में सहयोग देने का संकल्प भी लिया।

यह भव्य आयोजन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि भारतीय संस्कृति, नारी सम्मान, समाज सेवा और राष्ट्रनिर्माण की भावना को सुदृढ़ करने वाला एक प्रेरणादायी मंच सिद्ध हुआ।

## BLSP वाराणसी चैप्टर द्वारा 'एकल परिवार मिलन कार्यक्रम'

BLSP वाराणसी चैप्टर द्वारा 26 फरवरी 2026 को मारवाड़ी भवन, लक्सा में एकल अभियान केन्द्रीय योजना वर्ग का उद्घाटन हुआ। साथ ही इस शुभ अवसर पर वाराणसी चैप्टर टीम के नेतृत्व में 'एकल परिवार मिलन कार्यक्रम' का भी स्नेहपूर्ण आयोजन किया गया, जिसमें वाराणसी चैप्टर के पदाधिकारी, समर्पित सहयोगी एवं एकल अभियान के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





इस आयोजन के माध्यम से वाराणसी क्षेत्र के एकल कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं एकल परिवारों के बीच आपसी समन्वय, विश्वास और पारिवारिक जुड़ाव को नई ऊर्जा मिली।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी ने एकल अभियान की प्रेरणादायी प्रस्तुति के माध्यम से संगठन के उद्देश्यों, कार्यों एवं उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उनके प्रभावशाली वक्तव्य ने उपस्थित जनों को न केवल जानकारी प्रदान की, बल्कि उन्हें एकल अभियान से जुड़कर राष्ट्रसेवा के इस महायज्ञ में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित भी किया।

## राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय में एकल प्रेजेंटेशन

17 मार्च 2026 को दौलत राम कॉलेज के 64वें स्थापना दिवस के विशेष अवसर पर भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय चेयरमैन श्री नीरज रायजादा जी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और एकल का अत्यंत प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक प्रेजेंटेशन दिया । उन्होंने एकल के कार्य, उद्देश्य, महत्व एवं उसके व्यापक सामाजिक प्रभाव को सरल एवं प्रभावी ढंग से सभी के समक्ष रखा। साथ ही उन्होंने बताया कि किस प्रकार एकल देश के दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा, संस्कार एवं स्वावलंबन का प्रकाश फैलाकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।






प्रेजेंटेशन से प्रभावित होकर अनेक विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने एकल अभियान से जुड़ने की अपनी इच्छा व्यक्त की।

इस गरिमामय समारोह में 600 से अधिक विद्यार्थियों एवं गणमान्य अतिथि शामिल हुए ।

महाविद्यालय परिसर में श्रीराम मंदिर की थीम पर आधारित भव्य एवं आकर्षक लाइब्रेरी को देखकर सभी अत्यंत प्रभावित हुए। उपस्थित बंधुओं ने एकल के लिए इसी प्रकार की लाइब्रेरी के निर्माण में पूर्ण सहयोग देने की भी अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। समग्र रूप से यह आयोजन अत्यंत प्रेरणादायक एवं सफल रहा, जिसने समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया।

## BLSP कानपुर चैप्टर महिला विभाग : वनयात्रा में आत्मीय स्नेह



BLSP कानपुर चैप्टर महिला विभाग द्वारा संच बिठूर के ग्राम उम्मेदपुर में 15 फ़रवरी 2026 को वनयात्रा की गयी। श्रीमती देविका मुखर्जी जी एवं सीए नेहा अग्रवाल जी का ग्राम समिति द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों ने बालगीत, भजन, पहाड़े एवं गायत्री मंत्र सुनाए।
बच्चों द्वारा बनायी गयी हस्तशिल्प उपहार और उनकी मासूम खुशियों ने वातावरण को भावपूर्ण बना दिया। श्रीमती राधा तुलस्यान जी के सहयोग से संचालित यह विद्यालय वास्तव में एकल के उस संकल्प को साकार कर रहा है, जहाँ शिक्षा एवं संस्कार दोनों पल्लवित हो रहे हैं।

## BLSP कानपुर चैप्टर : वनयात्रा में ज्ञान और सेवा का संगम

दिनांक 19 फरवरी 2026 को एकल अभियान के तत्वावधान में बुंदेलखंड भाग के अंचल झाँसी, संच बरुआ सागर में 12 आचार्यों की उपस्थिति में पुस्तकालय का शुभ उद्घाटन अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कानपुर चैप्टर के महामंत्री श्री ध्रुव कुमार रुईया जी द्वारा किया गया।







इस अवसर पर डॉ. अनुराधा वार्ष्णेय जी, श्रीमती संध्या गुप्ता जी, श्रीमती सविता चावला जी, श्रीमती नीलम रुईया जी, श्रीमती मीनू राजावत जी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस दौरान तिलैथा विद्यालय ग्राम में वनयात्रा की गयी। ग्राम समिति द्वारा आत्मीय स्वागत के बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना, बालगीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।
यह प्रवास एकल अभियान की उस भावना को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें ज्ञान के साथ मानवीय मूल्यों और समाज के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी विकसित होता है।

## वाराणसी चैप्टर : वनयात्रा में संस्कार और उत्साह की झलका

BLSP वाराणसी चैप्टर महिला विभाग द्वारा विद्यालय ग्राम शिवदासपुर में आयोजित वनयात्रा में बच्चों के संस्कार और राष्ट्रभाव का सुंदर दृश्य देखने को मिला। तिलक, चंदन और पुष्पवर्षा से अतिथियों का स्वागत किया गया।
बच्चों ने गायत्री मंत्र, सरस्वती वंदना, कविता एवं हनुमान चालीसा प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। माहेश्वरी महिला संगठन की बहनों ने बच्चों को शैक्षणिक सामग्री एवं खाद्य सामग्री भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। अंचल बाबतपुर के कार्यकर्ताओं के प्रयासों से कार्यक्रम सफल रहा।



# नुह (मेवात) प्रवास – एक सार्थक प्रयास

भारत लोक शिक्षा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी द्वारा दिनांक 22.01.2026 को नुह (मेवात) का प्रवास किया गया | जिसके अत्यंत उत्साहवर्धक परिणाम देखने को मिले। ग्राम स्तर पर समिति का गठन हुआ तथा समाज के सभी वर्गों के बीच आपसी समरसता और एकीकरण का सुंदर वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर चार नए सदस्य भी एकल परिवार से जुड़े, जिससे अंचल समिति में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ।





गांव में विद्यालय समिति एवं ग्रामोत्थान केंद्र पर समिति के दायित्व, एकल अभियान की संरचना तथा उसके उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसे सभी ने बड़े ध्यान और रुचि से सुना।
खरकड़ी गांव में मंदिर निर्माण हेतु सहयोग प्रदान किया गया। यह गांव सामाजिक समरसता का एक प्रेरक उदाहरण है, जहाँ लगभग 70 हिंदू परिवारों के साथ-साथ मुस्लिम समाज के लगभग 150 परिवार निवास करते हैं।

कार्यक्रम में मुस्लिम सरपंच, उनके सहयोगी तथा शबरी परिवारों ने भी पूरे उत्साह और अपनत्व के साथ भाग लिया, जो आपसी भाईचारे और सौहार्द का सशक्त संदेश है। उल्लेखनीय है कि मंदिर के लिए जमीन एकल आचार्य ने दी।
दिल्ली से गए नए साथी और युवा जब एकल विद्यालय एवं ग्रामोत्थान केंद्र को देखकर लौटे, तो वे अत्यंत प्रसन्न और प्रेरित हुए। उन्होंने एकल अभियान से आजीवन जुड़ने का संकल्प भी लिया।





ग्रामोत्थान कलवारी सिलाई केंद्र पर एकल की संरचना की जानकारी साझा की गई और सभी ने मिलकर देशभक्ति गीत गाए, जिससे वातावरण भावनाओं और राष्ट्रप्रेम से भर उठा। इसके पश्चात जब लोगों ने एकल विद्यालय में बच्चों की संस्कारयुक्त शिक्षा, अनुशासन और आत्मविश्वास को देखा तो सभी का मन आनंद से भर गया। बच्चों को स्नेहपूर्वक कुछ उपहार भी प्रदान किए गए।
इस प्रकार यह प्रवास सेवा, समर्पण, उत्साह और प्रसन्नता से परिपूर्ण रहा। अनेक प्रेरणादायक स्मृतियों और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सभी लोग दिल्ली लौटे—यह विश्वास लेकर कि एकल अभियान सचमुच राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है।

# बरेली चैप्टर प्रवास एवं चैप्टर के शुभारंभ हेतु बैठक तथा परिवार मिलन

भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला विभाग श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी तथा एकल अभियान के सह-अभियान प्रमुख श्री दीप कुमार शर्मा जी ने 30-31 जनवरी 2026 को BLSP बरेली, उत्तर प्रदेश का प्रवास किया।

इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य बरेली में संगठनात्मक गतिविधियों की नींव को सुदृढ़ करना, चैप्टर के गठन की प्रक्रिया को गति देना तथा स्थानीय नेतृत्व से मिलकर संवाद स्थापित करना था।





प्रवास के दौरान परिवार मिलन, बरेली चैप्टर गठन और प्रभाग-5 के समिति एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई।

प्रवास के दौरान बरेली के श्री घनश्याम खंडेलवाल (चेयरमैन, बी एल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड), डॉ. केशव कुमार अग्रवाल (चेयरमैन-रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज), डॉ. नरेंद्र गंगवार जी, श्रीमती गार्गी चौहान जी प्रभाग – 5 की अध्यक्ष एवं श्रीमती सारिका सिंह जी के यहाँ परिवार मिलन कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

जिससे संगठन से जुड़े परिवारों के बीच आत्मीयता, विश्वास एवं भावनात्मक जुड़ाव और मजबूत हुआ।

यह मिलन संगठन को केवल एक कार्य संरचना नहीं, बल्कि एक संस्कारवान परिवार के रूप में सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

प्रभाग-5 की बैठक में प्रमुख समिति बंधुओं एवं सम्भाग बृजमंडल, भाग रुहेलखंड बरेली अंचल एवं संच समिति एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिसमें संगठन की विचारधारा, उद्देश्य, कार्य पद्धति एवं आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं को स्पष्ट दिशा एवं नवीन उत्साह प्राप्त हुआ।





दूसरे दिन 31 जनवरी 2026 को प्रातःकालीन प्रस्तावित बरेली चैप्टर समिति सदस्यों के साथ बैठक की गयी, जिसमें चैप्टर गठन पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ, जिसमें डॉ. केशव अग्रवाल (संरक्षक), श्री घनश्याम खंडेलवाल (संरक्षक), श्री रवि अग्रवाल (चेयरमैन), श्री पंकज अग्रवाल (प्रधान), डॉ. दीपिका मिश्रा (उपाध्यक्ष), श्रीमती शुभ्रा गुप्ता (उपाध्यक्ष), डॉ. नरेंद्र गंगवार (महामंत्री), श्री मंगल प्रसाद (संगठन मंत्री), श्री शोभित अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), श्री चक्रवीर (संयुक्त मंत्री), श्री शत्रुघ्नानंदेर (सह-संगठन मंत्री) को मनोनीत किया गया।

# श्री राजीव अग्रवाल जी (राष्ट्रीय महामंत्री, BLSP) एवं श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी (राष्ट्रीय उपप्रधान, राष्ट्रीय महिला विभाग) द्वारा संभाग पूर्वी पंजाब का प्रवास

एकल नगर और गाँव को हृदयों से जोड़ने वाली एक जीवंत कड़ी है। एकल को सच में अनुभव करना है तो नगरवासियों को इस सेतु पर प्रेम के साथ चलकर गाँव तक पहुँचना होगा, और ग्रामवासियों को अपनत्व के भाव से हृदय से लगाना होगा।

भारत लोक शिक्षा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय महिला विभाग की राष्ट्रीय उपप्रधान श्रीमती माधुरी अग्रवाल जी द्वारा दिनांक 7 फ़रवरी 2026 को फाजिल्का (पंजाब) तथा 8 फ़रवरी 2026 को बारेका, फिरोजपुर (पंजाब) का प्रवास किया गया।



फाजिल्का (पंजाब)- 7 फ़रवरी 2026

प्रातःकाल फाजिल्का में भाग एवं अंचल समिति सदस्यों के साथ दायित्व, प्रवास की भूमिका, एकल अभियान की संरचना एवं उसके उद्देश्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात श्री सुरिंदर जी एवं श्रीमती परमजीत जी के निवास पर परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके उपरांत IVD केंद्र पर ब्यूटीशियन ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया तथा IVD के प्रशिक्षकों, कृषि मित्रों एवं समिति सदस्यों के साथ संवाद हुआ।

बारेका (फिरोजपुर) -8 फ़रवरी 2026

बारेका (फिरोजपुर) में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एवं सिलाई केंद्र (IVD) का उद्घाटन 100 से अधिक लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया।





प्रवास का उद्देश्य एकल विद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानना और समझना था। प्रवास के दौरान एकल विद्यालयों में वनयात्रा, समिति सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक और घरों में पारिवारिक मिलन का कार्यक्रम रखा गया।

इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं से संबंध और समन्वय सुदृढ़ करना, उन्हें सक्रिय करना, IVD केंद्रों की समीक्षा करना, नए IVD केंद्र एवं ब्यूटीशियन ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन करना तथा विद्यालय दर्शन करना था।



अनुभव कथन –

यह प्रवास हमारे लिए सीखने, समझने और आत्ममंथन का एक महत्वपूर्ण अवसर भी रहा। हमने अनुभव किया कि प्रवास वास्तव में एक ऐसा सशक्त सेतु है, जो नगर और ग्राम को जोड़ता है। विशेष रूप से पारिवारिक मिलन के क्षणों में जो आत्मीयता और भावनात्मक जुड़ाव अनुभव होता है, वह संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। यह पारिवारिक भाव एकल को केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक सशक्त परिवार बनाता है।

# देवभूमि संभाग दक्षिण हिमाचल की पहाड़ियों में प्रवास

हमारे द्वारा (राजीव अग्रवाल एवं माधुरी अग्रवाल) संभाग दक्षिण हिमाचल में तीन दिवसीय (05.03.2026 से 07.03.2026) प्रवास किया गया।

इस प्रवास का मुख्य उद्देश्य संरक्षक योजना के अंतर्गत दक्षिण हिमाचल संभाग के संभाग, भाग एवं अंचल समिति बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं से संबंध और समन्वय बनाने के साथ-साथ उनको सक्रिय करना, IVD / WEC केंद्रों की समीक्षा और विद्यालय दर्शन था।





दिनांक-05.03.2026 को सोलन केंद्र में संभाग दक्षिण हिमाचल की समन्वयक बैठक हुई। बैठक में प्रभाग (P6), संभाग, भाग एवं अंचल के समिति सदस्य एवं सेवाव्रती कार्यकर्ता (65) उपस्थित रहे। बैठक बिन्दुओं पर चर्चा हुई -

a. परिचय एवं संरक्षक योजना पर विस्तार रूप से चर्चा हुई।

b. नगर समिति,एकल ग्राम संगठन समिति एवम् कार्यकर्ता के कार्यों एवम् आपसी समन्वय पर चर्चा की गई।

c. वर्तमान में कार्यक्षेत्र में आ रही परिस्थितियों के विषय में सभी समितियों की समस्या एवं समाधान पर विचार।

d. महिला समिति के कार्य एवं संगठन को सशक्त और स्वावलंबी बनाने पर भी पूर्ण चर्चा हुई।

e. बैठक में केन्द्रीय ग्राम संगठन प्रमुख श्री संसार जी द्वारा ग्राम समिति एवं कार्यकर्ता के कार्य एवं संगठन की मजबूती हेतु उनके कार्य को दायित्व बोध हेतु जानकारी दी गयी।

1. दिनांक- 06.03.2026 को दुर्गम क्षेत्र संच त्रिलोकीनाथ, लाहौल स्पीति (भाग मंडी, संभाग दक्षिण हिमाचल) के भाग, अंचल एवं संच के समिति एवं कार्यकर्ताओं (35) के साथ समन्वय बैठक रही। संच त्रिलोकीनाथ के ग्राम त्रिलोकीनाथ विद्यालय के दर्शन करना एक अद्भुत अनुभव था।

3. दिनांक-07.03.2026 को भाग मंडी अंचल बंजार के Nagwain कुल्लू में स्थित IVD केंद्र के कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एवं सिलाई केंद्र और उसके उपरांत CTL Pandoh -Ladruin Mandi का अवलोकन किया। भाग मंडी अंचल बंजार के समिति और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षार्थियों, प्रशिक्षकों, समिति सदस्यों आदि से वार्तालाप हुई।







4. पारिवारिक मिलन – प्रवास के दौरान अंचल मनाली के अध्यक्ष श्रीमान दीनाराम जी एवं श्रीमति लता जी (05.03.2026), अंचल मनाली की सचिव श्रीमति वंदना ठाकुर जी (06.03.2026) और भाग मंडी की कार्यालय प्रभारी श्रीमती शारदा शर्मा जी (07.03.2026) के वहां भोजन, नाश्ता एवं परिवार से मिलने का अनुभव बहुत ही सुखद रहा।

## Success Stories



मैं प्रिया टाकुली, ग्राम मुनार की निवासी हूँ। मैंने एकल विद्यालय में वर्ष 2022 से 2025 तक आचार्य के रूप में कार्य किया। आचार्य बनने के साथ-साथ मैंने अपनी पढ़ाई भी निरंतर जारी रखी। इसी दौरान मुझे सफलता प्राप्त हुई और वर्तमान में मैं आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रही हूँ। इस उपलब्धि के लिए मैं एकल अभियान का हृदय से धन्यवाद करती हूँ, जिसने मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा और अवसर प्रदान किया। मैं सदैव एकल अभियान के साथ जुड़ी रहूँगी और सेवा के इस पथ पर आगे बढ़ती रहूँगी।

**नाम – प्रिया टाकुली, ग्राम – मुनार, संच – तप्तकुंड, अंचल – बागेश्वर, उतराखंड**



जय श्री राम, मैं आचार्य रविकांत, ग्राम कुसमरा, संच कदोरा, अंचल हमीरपुर का निवासी हूँ। मैंने वर्ष 2018 तक एकल अभियान में आचार्य पद पर कार्य किया। मेरी आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर थी, उसी दौरान एकल अभियान के एक कार्यकर्ता से मेरा संपर्क हुआ और ग्राम प्रधान की सहमति से मुझे आचार्य पद पर नियुक्त किया गया। महोदय, आचार्य बनने के पश्चात मैंने अपनी पढ़ाई को निरंतर जारी रखा। एकल विद्यालय में बच्चों को शिक्षित करते हुए जो मानधन प्राप्त होता था, उसी से मैंने अपनी शिक्षा भी आगे बढ़ाई। एकल की समिति एवं कार्यकर्ताओं की निरंतर प्रेरणा और सहयोग से मैं आगे बढ़ता गया।आज मुझे यह बताते हुए अत्यंत गर्व और हर्ष हो रहा है कि मैं वर्तमान में एक सरकारी अध्यापक के रूप में कार्यरत हूँ। यह उपलब्धि एकल अभियान के मार्गदर्शन, सहयोग और संस्कारों का ही परिणाम है।मैं एकल परिवार का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ और संकल्प लेता हूँ कि मैं सदैव संगठन से जुड़ा रहकर सेवा कार्यों में अपना योगदान देता रहूँगा।

**नाम- रविकांत, ग्राम – कुसमरा, अंचल – हमीरपुर, हिमाचल**



मुझे वर्ष 2012 में एकल विद्यालय में पढ़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।वर्ष 2015 में एकल से शिक्षा प्राप्त करने के बाद मैंने खेलों, विशेष रूप से खो-खो, में अपना मार्ग चुना। एकल विद्यालय के माध्यम से मुझे विभिन्न खेलों का ज्ञान प्राप्त हुआ और आचार्या दीदी जी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से मैं राष्ट्रीय स्तर (नेशनल) तक खेलने का अवसर प्राप्त कर सका। मुझे यह बताते हुए अत्यंत हर्ष हो रहा है कि मेरा चयन खेलो इंडिया में हो चुका है और मैं उसमें भाग लेने जा रहा हूँ।मैं आज भी एकल से जुड़ा हूँ और भविष्य में भी सदैव जुड़ा रहूँगा। एकल परिवार ने मुझे जो संस्कार, मार्गदर्शन और अवसर प्रदान किए हैं, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।मेरी सफलता का श्रेय एकल परिवार के सहयोग, आशीर्वाद और सभी की शुभकामनाओं को जाता है।

**नाम- गौरव पटेल, ग्राम- भदरासी, संच- मोहन सराय, अंचल – सारनाथ, उत्तरप्रदेश**

# Ekal Spotlight

"भारत लोक शिक्षा परिषद् द्वारा एकल विद्यालय अभियान के समर्पित दानदाताओं को सम्मानित करने हेतु 'डोनर स्पॉटलाइट वीडियो' पहल की शुरुआत की गई है।

इस नई पहल के माध्यम से उन प्रेरणादायी व्यक्तित्वों को सामने लाया जा रहा है, जिनके सहयोग से सुदूर ग्रामीण व जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जल रही है। यह इनिशिएटिव समाज के लिए प्रेरणा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का सशक्त माध्यम बनेगा।"




तन-धन तो छोटी चीज़ है, पहले मन से जुड़ना होगा, सेवा के इस पावन पथ पर, दिल से आगे बढ़ना होगा। देश को आगे बढ़ाने में एकल विद्यालयों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है।




एकल, गाँव के टैलेंट को नई दिशा दे रहा है, हर बच्चे के सपनों को साकार कर रहा है एकल। वनयात्रा के दौरान जब मैंने वहाँ जाकर देखा कि विद्यालयों में बच्चों को किस प्रकार संस्कारों और शिक्षा से संवारा जा रहा है।




तीन पीढ़ियों का एक ही संकल्प – एकल का साथ, राष्ट्र का विकास। संस्कार, सेवा और समर्पण से जुड़ा हर परिवार – यही है एकल का विश्वास।




मैंने अपने सास-ससुर से प्रेरित होकर एकल से जुड़ने का निर्णय लिया । यदि एक बच्चे को शिक्षित किया जाए, तो पूरा परिवार शिक्षित होता है और उसका प्रभाव पूरे समाज में फैलता है।




शिक्षा तो हर जगह मिलती है, पर एकल में संस्कार भी हैं,यहीं से बनते श्रेष्ठ नागरिक, और उज्ज्वल भविष्य की राहें हैं। हम जो एकल में दान देते हैं उससे मुझे आंतरिक संतुष्टि मिलती है।

# एकल दीप की एक झलक



BLSP के ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमैन एवं महाशतकवीर श्री लक्ष्मी नारायण गोयल जी को उनके जन्मदिन के पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार गुप्ता जी ने एकल दीप एवं फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया।



BLSP के ट्रस्टी श्री सुभाष अग्रवाल जी को उनके वैवाहिक वर्षगांठ के पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार गुप्ता जी ने एकल दीप एवं फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया।



BLSP के ट्रस्टी एवं महाशतकवीर श्री सुरेन्द्र कुमार जिंदल जी को उनके जन्मदिन के पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री विजय कुमार गुप्ता जी ने एकल दीप एवं फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया।



BLSP के ट्रस्टी एवं महाशतकवीर श्री सुरेन्द्र पाल गुप्ता जी को उनके जन्मदिन के पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी ने एकल दीप एवं फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया।



BLSP के ट्रस्टी श्री संजीव गोयल जी को उनके जन्मदिन के पुनीत अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी ने एकल दीप एवं फोटोफ्रेम देकर सम्मानित किया।



BLSP के शतकवीर श्री अजीत गुप्ता जी को राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री सुनील गुप्ता जी एवं श्री राजेन्द्र कुमार मंगला जी एकल दीप देकर सम्मानित करते हुए।

# Meeting with PSU/ Non PSU Companies Done & MOU Signed



KEI Industries Limited
06 January 2026



NTPC
12 March 2026



Mankind Pharma
17 March 2026

# एकल विद्यालय हेतु पोंटा साहिब में बैठक



राष्ट्रीय प्रधान श्री अखिल कुमार गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव अग्रवाल जी, सह अभियान प्रमुख श्री दीप कुमार जी ने 17 मार्च को पोंटा साहिब में महत्वपूर्ण बैठक की, इस दौरान समाज के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य व्यक्तियों से आत्मीय भेंट की और एकल से जुड़कर राष्ट्र निर्माण के इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करने के लिए भी प्रेरित किया।

इसी क्रम में उन्होंने पोंटा साहिब के विधायक श्री सुखराम चौधरी जी से भी शिष्टाचार भेंट की तथा उन्हें एकल अभियान से जुड़कर सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।



## Prerak Shatakveer (100 & Above)

(FY 2025-26) (No of Schools in Bracket)

Sh. Subhash Aggarwal Trustee (3294)

Sh. Subhash C. Aggarwal Trustee (387)

Sh. D. K. Sarraf Trustee (275)

Sh. V.K. Gupta Lohia Trustee (100)

Sh. Akhil Kumar Gupta MC Member (746)

Sh. Pramod Gupta MC Member (169)

Shri Kishan Kumar Aggarwal MC Member / Smt. Parvesh Lata Aggarwal MC Member (100)

Sh. Rajiv Aggarwal MC Member / Smt. Madhuri Aggarwal MC Member (178)

Sh. Sanjeev Tekriwal MC Member (167)

Smt. Sonal Rasiwasia MC Member (128)

Sh. Jagmender Gupta South Delhi (432)

Sh. Basudev Garg South Delhi Chapter Member (225)

Sh. Rajesh Mittal North Delhi Chapter (221)

Sh. P.K. Jain East Delhi (109)

Sh. G. D. Goel / Smt. Darshna Goel North Delhi Chapter (180)

CA Praveen Kant Garg CSR Team (462)

CA (Dr.) Raj Chawla CSR Team (139)

CA Sabeena Vasudeva CSR Team (195)

## Prerak Paramveer (25 To 99 Schools)

(FY 2025-26) (No of Schools in Bracket)

Sh. Sanjeev Goel Trustee (52)

Sh. Uma Shankar Halwasiya Trustee (56)

Sh. Vijay Gupta MC Member / Sh. Sadhana Gupta NDC Mahila Vibhag (81)

Sh. Brij Mohan Aggarwal MC Member (50)

Sh. Sunil Gupta MC Member (32)

Sh. Ashok Aggarwal South Delhi (96)

Sh. Pramod Bansal West Delhi (25)

Sh. Pavan Kumar Aggarwal Central Delhi (73)

Sh. Prakash Kanodia Kanpur Chapter (39)

Dr. D. K. Sinha Kanpur Chapter (33)

Dr. Anuradha Varshney Kanpur Chapter (26)

Sh. Rajiv Aggarwal Varansi Chapter (28)

Sh. Atul tondon Bahraich Chapter (88)

Sh. Vijay Bhushan Garg Rudrapur Chapter (60)

Sh. Bhupendra Aggarwal Lucknow Chapter (33)

Dr. Harsh Aggarwal CSR Team (81)

Sh. Anand Khandelwal CSR Team (50)

Sh. Ved Prakash Mahavar CSR Team (25)

## No. of Schools Received During the Quarter Ended March 2026 (January February, March) (No of Schools in Bracket)

### Mahashatakveer

- Sh. Surender Pal Gupta, Laxcon Steels Limited (667)
- Sh. Surender Gandhi, Dewan & Sons Exports Private Limited (100)
- Sh. Anil Gupta, KEI Industries Limited (333)
- Sh. Dinesh Goel, Shubh Shree Kattha (100)
- Sh. Sunil Goel, Numax Realcon Pvt. Ltd. (74)
- Sh. Laxmi Narain Goel, Suncity Group (333)
- Sh. Rakesh Tainwala, Abhishri Packaging Private Limited (100)
- Sh. Anil Vaidh, Unique Decor (India) Pvt Ltd (67)
- Sh. Vivek Nagpal, Rosmerta Digital Services Ltd (46)
- Sh. Surender Ku. Gupta, Shubham Goldiee Masale Pvt. Ltd. (100)
- Sh. Mahesh Aggarwal, Sree Metaliks Limited (167)

### Shatakveer

- Sh. Vikas Garg, Vikas Ecotech Ltd (50)
- Sh. Naresh Jain, Jainco Group (100)
- Sh. Sanjeev Goel, S.R. Charitable Trust (14)
- Sh. Chandra Prakash Gupta, Ambica Steels Limited (100)
- Sh. Ashwani Minda, Jay Ushin Limited (100)
- Sh. Subhash C. Aggarwal (55), SMC Global Securities Ltd.
- Sh. Rajneesh Gandhi, Century Overseas (17)
- Sh. Ashish Agarwal, Umrao Theatre Private Limited (5)
- Smt. Aarshi Jain, Aarshi's Matrimonial Solutions (14)
- Indian Railway Finance Corporation Limited (IRFC) (160)
- Sh. Vinod Mittal, Gurugram (100)
- Sh. Sandeep Bansal, M. S. S. BANSAL LLP (14)
- Sh. Bupendra Agarwal, Gauri Foods (17)
- Sh. Jagdish Jhunjhun Wala, J J Plastalloy Pvt. Ltd. (50)
- Markem - Imaje India Private Limited (70)
- Sh. Pusphaas Aggarwal, County Foundation (100)
- MI Electrical Steel Processing India Private Limited (81)
- Sh. Atul Mittal, Mittal Electronics(33)
- Northern Coalfields Limited (100)
- Sh. Vinod Gupta, Exotic Mile Private Limited (33)
- Lumax Charitable Foundation(50)
- FincFriends Pvt. Ltd. (195)
- Sh. Murlidhar Gyan Chandani, RSPL Welfare Foundation (100)
- Sh. Vineet Paruthi, Paruthi Engineers Pvt. Ltd.(100)
- Campus Activewear Limited (535 )
- Sh. Bhuwan Girdhar, JRC Grid Engineers (P) Ltd. (50)

### एकल विद्यालय के सहयोगी (50 से 99)

- Sh. Arun Kumar Gupta, Ashok Griha Udyog Kendra Pvt. Ltd.(50)
- CJ DARCL Logistics Limited. (50)
- Mitsubishi Corporation India Private Limited (81)

### एकल विद्यालय के सहयोगी (24 से 49)

- Sh. Naresh Kumar, Dynamic Drilling & Services Private Limited(28)
- Sh. Ram Chander Gupta, AAR CEE Contracts Pvt. Ltd. (43)
- Sh. Akash Aggarwal, Sultan Chand & Sons Pvt. Ltd. (30)
- United Drilling Tools Ltd. (25)
- Achintya Securities Limited (28)

# हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय (जनवरी-फरवरी-मार्च - 2026)

Sh. Aditya Agrawal Associates
Aggarwal Jewels & Gems Pvt. Ltd.
Aggarwal Papers
Sh. Ajay Agarwal
Sh. Ajay Kumar Jain
Sh. Akshaya Gupta
Amar Paper Company
Sh. Amit Goel
Sh. Ankit Aggarwal
Sh. Ashok Kumar Rai
Sh. Ashutosh Aggarwal
Sh. Ashutosh Bansal
B Jain Pharmaceuticals Pvt. Ltd.
B Jain Publishers
B K Saraf Pvt. Ltd.
Bachche Lala Jewellers Pvt. Ltd.
Bakelite Home
Bal Shiksha Niketan Junior High School
Balaji Niryaat Pvt. Ltd.
Sh. Basudev Garg
Bhagwat Swaroop Aggarwal Memorial Charitable Trust
Sh. Bharat Bhushan
Sh. Bharat Bhushan Dewan
Biopsy Centre
Buzz Communications Pvt. Ltd.
Capriso Finance Ltd
Sh. Chandrakant Jalan
CMR Welfare Foundation
Comrad Ram Chander Memorial Foundation Charitable
Constructo Cast Pvt. Ltd.
Sh. Dilip Kumar Gupta
Sh. Dinesh Kumar Gupta
Dr. Amal Shankar Prashad
Dr. Kirti Goel
Dr. Praveen Katiyar
Drolia Trading Company
Eastern Bearings Pvt. Ltd.
Fare Destination Pvt. Ltd.
Forever Living Imports (India)
Smt. Geeta Keserwani
Gian P. Mathur & Associates Pvt. Ltd.
Sh. Girdhar Gopal Aggarwal
Girdhar Paper
Sh. Gopal H Sutwala
Sh. Gopal Jagwan
Grow Max India Pvt. Ltd.
Hannu Marketing Pvt. Ltd.
Sh. Hari Mohan Mittal
Sh. Harish Chander
Hotel Clarks Varanasi Ltd.
Ikarus Advisory Services LLP
Smt. Indra Agarwal
Smt. Indu Gupta
Injectoplast Pvt. Ltd.
Isotech India Pvt Ltd
J K Mittal & Co
Jaguar Overseas Ltd.
JMP Industry Pvt. Ltd.
K.K. Duplex & Paper Mills Pvt. Ltd.
Kalyani Innerwear Pvt. Ltd.
Sh. Kamlesh Goel
Smt. Kanta Goel
Sh. Kapil Kumar Gupta
Karan Holdings Pvt. Ltd.
Kataria Diagnostics
Sh. Kaval Nayan Gera
Sh. Krishna Mohan Goyal
Sh. Kul Shashi Raj Pahuja
Smt. Kusum Garg
Sh. Lalit Kumar Thukral
Sh. Madhaoraj N. Tiwari
Smt. Madhu Jain
Mani Foundation
Sh. Manish Garg
Smt. Manju Aggarwal
Sh. Manoj Kumar Jain
Smt. Maya Agarwal
Medicine Agencies
Smt. Meeta Jain
Monochem Graphics Pvt. Ltd.
MRG Fashions Pvt. Ltd
Sh. Mukesh Jain
Sh. Mukesh Kumar Gupta
Nav Bharat Paper
Sh. Navdeep Bansal
Navina Sales Pvt. Ltd.
Neeldeep Foundation
Smt. Neera Goyal
Smt. Neetu Verma
Netplast Pvt. Ltd.
New Age Distributors
New Kanpur Plastic Agencies
NHPC Limited
Sh. Nikhil Gupta
Nikita Greentech Recycling Ltd.
Smt. Nisha Jindal
Ocrolus East Pvt. Ltd.
Sh. Om Prakash Vijay Vergia
Orsons Home Appliances
P R Chikans
Packwell Paper Tube Industries
Panna Lal Saraf Shanti Devi Trust
Parikh Resins Pvt. Ltd.
Parveen Industries Pvt. Ltd.

# हमारे एकल दानदाता 1 से 10 विद्यालय (जनवरी-फ़रवरी-मार्च 2026)

Sh. Pramod Goel
Prayag Clay Products Ltd.
Prime Man Glass Pvt. Ltd.
Smt. Promila Gupta
PTC Foundation
Sh. Punit Kumar Goyal
Sh. Purav Gupta
R P S Engineering Services
Sh. R. K. Arora
Sh. Radheshyam Shiv prasad Agrawal
Sh. Radhey Shyam Garg
Sh. Raj Kumar Gupta
Smt. Raj Rani Jain
Sh. Rajesh Gupta
Sh. Rajiv Jain
Rajshree Trading Co.
Sh. Rakesh Raj & Associates
Sh. Ram Ratan Agarwal
Ram Steels
Reciprocal Park LLP
Smt. Rekha Sutwala
Sh. Rishi Kumar Goel
Rockwell Hoisto Cranes Pvt. Ltd.
Smt. Roopa Aggarwal
RR International
S K Engineering Works
Sh. Sanjeev Kumar Aggarwal
Sh. Sankalp Agrawal
Smt. Santosh Tainwala
Sara Healthcare Pvt. Ltd.
Smt. Sarita Jain
Sh. Satish Chand Gupta
Sh. Satya Narayan Mittal
Smt. Savita Khanna
Sawan Electric Co.
Seven Star Mining Agencies
Sewa Gift Palace Pvt. Ltd.
Smt. Shanti Devi
Sharvi Packaging Solutions Pvt. Ltd.
Sh. Shashwat Agarwal
Sheetal Pharmaceuticals
Smt. Shikha Kapur
Smt. Shivani Paul Luthra
Shree Krishna Marketing
Sh. Shubham Aggarwal
Shyam Agro Food Product
Sh. Sidhartha Dahiya
Silverton Industries
Singhal Traders
Singla Polymers
Somil Enterprises
Standard Garage
Star Finvest Pvt. Ltd.
Sh. Subhash Chander Aggarwal
Sh. Sudhir Kesarwani
Sh. Sumit Goel
Sh. Sumit Kumar Goel
Smt. Sunita Beri
Sh. Surender Kumar Aggarwal
Surendra Landbase Pvt. Ltd.
Sh. Suresh Chander Mittal
Sh. Surya Parkash Aggarwal
Sh. Sushil Kumar Bansal
Svam Toyal Packaging Ind. Pvt. Ltd.
T A Foundation
Tirupati Structurals Limited
TLGS Consulting Group Pvt. Ltd.
Tulsi Pumps and Power Pvt. Ltd.
Sh. Udhav Goel
Smt. Uma Agarwal
Smt. Urmil Bansal
Vaibhav Overseas
Sh. Varun Agarwal
Sh. Ved Parkash Aggarwal
Sh. Vijay Dhingra
Sh. Vijay Gupta
Sh. Vinay Aggarwal
Sh. Vinay Gupta
Sh. Vipin Bansal
Sh. Vipin Kumar
Winsome Textile Industries Limited

## एकल विद्यालय के बच्चों एवं आचार्यों द्वारा अपने दानदाता बंधुओं को भेजे गए पत्र



# उत्कृष्टता की ओर अग्रसर – भारत लोक शिक्षा परिषद् की ऐतिहासिक उपलब्धि


NGO Grading

CareEdge
ANALYTICS & ADVISORY
A subsidiary of CARE Ratings Ltd.

This is to certify that

**Bharat Lok Shiksha Parishad**

has been assigned an NGO Grading of

**NGO 1A**

**Reflecting Highest Delivery Capability & High Organizational Capability**

This grading is valid till March 30th, 2027 i.e. one year from the grading assignment date, issued on March 31th, 2026

Tanvi Shah

Mrs. Tanvi Shah, Senior Director
CARE Analytics and Advisory Private Limited

भारत लोक शिक्षा परिषद् के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है कि Care Edge Analytics and Advisory Pvt Ltd द्वारा संस्था की ग्रेडिंग NGO 2A से बढ़ाकर **NGO 1A** कर दी गई है। यह सम्मान केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत लोक शिक्षा परिषद् की निष्ठा, सेवा और समर्पण की सशक्त पहचान है।

**NGO 1A की श्रेणी प्राप्त करना किसी भी संस्था के लिए सर्वोच्च उपलब्धि मानी जाती है।** पूर्व में प्राप्त 2A रेटिंग ने जहाँ हमें एक सशक्त एवं विश्वसनीय संस्था के रूप में स्थापित किया था, वहीं अब 1A ग्रेडिंग ने भारत लोक शिक्षा परिषद् को देश के अग्रणी एवं उत्कृष्ट गैर-सरकारी संगठनों की श्रेणी में स्थापित कर दिया है।

वर्तमान समय में, जब कॉर्पोरेट क्षेत्र और सार्वजनिक उपक्रम अपने CSR निवेशों में अधिक सावधानी और चयनशीलता बरत रहे हैं, ऐसे परिवेश में **NGO 1A जैसी उच्च ग्रेडिंग संस्था की विश्वसनीयता को और सुदृढ़ करती है।** इससे भारत लोक शिक्षा परिषद् को बड़े स्तर पर, दीर्घकालिक CSR सहयोग प्राप्त करने में और अधिक सुदृढ़ता मिलेगी।

एकल विद्यालयों के माध्यम से दूरस्थ गाँवों तक शिक्षा का दीप जलाने का जो संकल्प लिया गया था, आज वही प्रयास उत्कृष्टता की इस ऊँचाई तक पहुँचा है। यह ग्रेडिंग बताती है कि हमारा कार्य न केवल व्यापक है, बल्कि प्रभावी और विश्वसनीय भी है।

यह सफलता हमारे प्रत्येक कार्यकर्ता, आचार्य, बहनों और सहयोगियों के अथक प्रयासों का परिणाम है, जो नि:स्वार्थ भाव से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचने का कार्य कर रहे हैं।

यह सम्मान हमें आगे और अधिक समर्पण के साथ "एकल से समग्र ग्राम विकास" के अपने ध्येय की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।

## संपादक की कलम से.....



**सुनील गुप्ता**
**राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री**
**भारत लोक शिक्षा परिषद्**
**एकल अभियान**

भारत आज आर्थिक, तकनीकी और वैश्विक मंच पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, लेकिन इस विकास के साथ एक गंभीर चिंता भी उभर रही है - हमारी युवा पीढ़ी अपने गौरवशाली अतीत, समृद्ध संस्कृति और सनातन मूल्यों से धीरे-धीरे दूर होती जा रही है, जिन्हें जागरूक करने के लिए एकल अभियान निरंतर प्रयत्नशील है।

एकल अभियान केवल एक शैक्षिक पहल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्जागरण का आंदोलन भी है। इसमें प्रत्येक देशवासी की सहभागिता अपेक्षित है, ताकि हम मिलकर भारत को उसकी सांस्कृतिक पहचान और आत्मिक शक्ति से पुनः गौरवान्वित कर सकें।

इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में शिक्षा का दीप प्रज्वलित कर सशक्त भारत और समरस समाज के निर्माण का संकल्प साकार किया जा रहा है।

आइए, इस पुनीत कार्य से जुड़कर राष्ट्रनिर्माण में अपना योगदान दें।

## एकल विद्यालय के लिए सहयोग

| आईये अपने सपनों का भारत बनायें और स्वावलंबी, स्वाभिमानी भारत के नागरिक होने का गौरव प्राप्त करें। | |
|---|---|
| एक एकल विद्यालय | ₹ 30,000/- वार्षिक |
| 50 एकल विद्यालय (परमवीर) | ₹ 15,00,000/- वार्षिक |
| 100 एकल विद्यालय (शतकवीर) | ₹ 30,00,000/- वार्षिक |
| 1000 एकल विद्यालय (महाशतकवीर) | ₹ 30,000,000/- वार्षिक |
| भारत लोक शिक्षा परिषद् भारत सरकार के कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (IICA) के अंतर्गत CSR दान के लिए सूचीबद्ध है। | |

**DONATE NOW**

## एकल विद्यालय में सीधे दान हेतु सम्पर्क करें-

**Only For 80G:**
**Bharat Lok Shiksha Parishad**
**A/C No: 46790205000186**
**Union Bank of India**
**Shalimar Bagh, Delhi**
**IFSC Code: UBIN0546798**

**Only for CSR:**
**Bharat Lok Shiksha Parishad**
**A/C NO : 46790201012367**
**Union Bank Of India**
**Shalimar Bagh, Delhi**
**IFSC code: UBIN0546798**

**आपके द्वारा एकल के लिए किए गए सहयोग से गरीब बच्चे संस्कार सहित शिक्षा प्राप्त करते हैं, जो आने वाले समय में राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे।**

For More Info.

**मुख्य संपादक : सुनील गुप्ता (राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री)**
प्रकाशक : भारत लोक शिक्षा परिषद्
**NS-15, FD Block, पीतमपुरा, दिल्ली- 110034**
**संपर्क सूत्र : 011 4752 3879, 9999399063, 7827207665, 8448386443**
**ई मेल : administration@blspindia.org, वेबसाइट : www.ekalblspindia.org**

एकल विद्यालय
Bharat Lok Shiksha Parishad